SHRI SHANKARRAO NARA-YANRAO DESHMUKH : Let me say one thing. I will not read all the sections from the Bill. Clause 143 : Penaky for unauthorised carrying on business or procuring and supplying of railway tickets ; that was a must and this is being introduced. I thank the Railway Minister for doing so. Then another very important thing is while making claims for compensation, so many times, false claims and exaggerated claims are always written and therefore this clause 149 making a false claim for compensation is also there. That is another thing. My last point is regarding negligently manned cross-sings, unmanned level crossings. I submit very humbly, because I come from the rural area, there are so many unmanned level crossings and now in the present time, as the traffic has increased, the communi-cation has increased, everything has increased, these unmanned level cros-sings should be manned properly with the gates and all that. With this I finish, Sir. *(Interruptions).* Have I finished in time ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) : You have ex-ceeded your time.

♦SHRI N. RAJANGAM (Tamil Nadu) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to register my views on the Railways Bill, 1989 and The Appro-priation (Railways) No. 3 Bill, 1989. As I speak on Railways, I am re-minded of the late Prime Minister of India, Shri Lal Bahadur Shastri. When he was the Railway Minister, a railway accident occurred in Tamil-nadu. On hearing the news of the accident, Shri Lal Bahadur Shastri resigned as Railway Minister, own-ing moral responsibility. But today, Railway accident has become the order of the day. Recently, there were two Railway accidents in Andhra Pradesh, a grave accident in Kerala and yet another involving the Karnataka Express, to cite only a few. These accidents only highlight the poor maintenance of the trains and the tracks in South India and reflect the callousness and the pre-judice of the centre against the South. Our great leader, the late Dr. Anna once said, "North flourishes but South perishes". When we look at the style of functioning of the Railways, we have to believe that what he said long time ago holds good even to this day. For example, in Bihar, in Uttar Pradesh, in most parts of the Northern region new railway lines have been laid even in the remote and far-flung areas. But in the Southern part of India even conversion of metre-gauge into broad-gauge has not been done.

Sir, the increase in the train accidents in the recent past is a mat-ter that warrants serious deliber-ations and expeditious remedial mea-sures. We can not, in a fit of com-placency, shut our eyes to the fact that the number of train accidents after independence is far more than that during the British rule. Does it show the progress that we quite often claim to have made ? What adds to my anguish and fury is the level-headed attitude of the govern-

*English translation of the original speech delivered in Tamil.

ment, the routine list of reasons they come out with. Whenever there is an accident, the Railway Ministry is quick on an operation cover-up. With deep anguish I say, this is time you turned realistic and sincere in your approach. I am at loss to understand as to what prevents you from probing the accidents root and branch so that we can be on our guard in the future. Invaluable human lives can be saved by being little conscientious. But the fact remains, we refuse to admit that we erred. When we refuse to admit our error we learn nothing from our experience. We stand where we were. And mind you, this is too great a harm that you are doing to the society by being negligent.

In most accidents, derailment is said to be the cause. And unfortunately, the very word 'derailment' seems to suffice the strange mind of the Railway Ministry and there ends the whole issue. The causes of derailment are wide ranging. It could be because of old and worn-out track, excess-speed, sabotage or human error. So, I take this apportunity to urge upon the Railway Minister to have thorough investigation of each accident to get at the bottom of the truth so that we emerge wiser and circumspect. Or else, I am afraid, Indian Railways, the second largest in the world, would only evoke terror in the minds of people.

Mr. Vice-Chairman, Sir, I want to make a few points with regard to Tamilnadu. The distance between Madras and Madurai on the ghat line is about 500 Kms. There are express trains running between these two places. The running time is about 7 hours. But on the main line the distance between Madras and Chidambaram is only 250 Kms. Yet the fastest train takes about 7 hours to cover this distance. I am happy that we have some super-fast trains on ghat line at least. But what I wish to bring to the notice of the Minister is that the main line is a very vital rail-link that connects places of historical importance like Cuddalore, Chidambaram, Kumbakonam, Tanjore and Trichy to Madras. It is the heart-line of the railway network in Tamilnadu. Chidambaram is the sacred seat of Lord Nataraja besides being the seat of the renowned Annamalai University. So, I request the hon'ble Minister to introduce super-fast trains on this line. Sir, Rameshwaram is a famous pilgrim centre in the South as Kashi is in the North. But the pilgrims complain that they are often stranded at stations for the rush is heavy and the trains insufficient.

So also, for the last two decades people have been demanding the conversion of metre-gauge into broad-gauge between Madurai and Cochin. The produces of Kerala like pepper, cardamom, tea and coffee have to be transported to Tamilnadu and other parts of India. So, from Cochin these produces have to first come to Madurai. Even a lay man would understand the necessity of a broad-gauge line between Madurai and Cochin. But the Railways do not understand or refuse to inders'and this. What happen now is that the transportation goes on mostly by lorries and trucks whose owners exploit the farmers Not only this, because of the heavy rush of traffic, many road accidents occur every day along this route. I appeal to the Hon. Minister to take up the work on this line on overriding priority. Hon'ble Member, Shri Narayanasamy made a reference to the long pending Pondicherry-Cuddalore line. The distance between these two places is only 22 Kms. I appealed to the government on the floor of this very House twice, in 1984 and 1985, for laying new railway track between Pondicherry and Cuddalore. Then the government said that it was expecting a report on this from the Tamilnadu government and that they would take appropriate action after receiving the report. I do not know what happened later. I hops the Railway Ministry will pursue this matter without further delay. I also request

[Shri N. Rajangam]

for the release of adequate funds for the Karur-Dindugal line. This line should be further linked to Madurai so that the entire district is benefited. Above all, there is a lot of simmering among the people of Tamilnadu that the main line and the ghat line have not been converted into broad-gauge. It is a genuine grudge that merits serious attention. Madurai is known as 'temple city' from where most kings ruled. It is a wonder that even such important place has not been linked by broad-gauge.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) : Pleace conclude. You have already taken 8 minutes.

SHRI N. RAJANGAM : I am just concluding.

Once again I urge upon the Hon'ble Minister to take steps to link Pondicherry and Cuddalore by broad-gauge without further delay. I repeat it because there are series of road accidents occurring every day due to jamming of traffic. I am sure the hon'ble Minister will look into the issues I have raised and do the needful.

Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) : I think the Government should look into his demand because our policy is to link State capitals and Pondicherry in a Union Territory. Please look into it.

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश) : मैं अपनी बात बहुत संक्षेप से कहूंगी। भारत के जन-जीवन में रेलवे का बहुत बड़ा महत्व है। देश की अर्थ व्यवस्था में, देश के विकास में और सामान्य जनता के जीवन में इसका बहुत महत्व है।

[उपसभाध्यक्ष (श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी) पीठासीन हुए।]

भारतीय रेलें पूरे देश में पूर्व से लेकर पश्चिम तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक भाषा और संस्कृति विभिन्न प्रदेशों में रहने वाले लोगों को एक सूत्र में बांधती है, देश की एकता बनाए रखती है। मैं समझती हूं रेलवे का इसमें बड़ा योगदान है। माननीय रेल मंत्री जी कोई न कोई, कहीं न कहीं नयी रेल रोज ही चलाते रहते हैं। अभी हमारे रेल मंत्री जी ने प्रथम शताब्दी एक्सप्रेस चलाई थी, यह बहुत बड़ी उपलब्धि थी। पहले यह ट्रेन दिल्ली से लेकर आगरा तक थी लेकिन अब उसे बढ़ा कर दिल्ली से भोपाल तक कर दिया है। इसी तरह से एक और दूसरी शताब्दी एक्सप्रेस है जो दिल्ली से लेकर कानपुर तक चलाई गई है। इसके लिए हार्दिक धन्यवाद देती हूं साथ ही मंत्री जी से यह आशा भी करती हूं कि इस रेल का, शताब्दी एक्सप्रेस का कानपुर से बढ़ा कर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक विस्तार कर देंगे। इसके साथ ही एक बात और कहना चाहूंगी कि ताज एक्सप्रेस के बारे में और शताब्दी एक्सप्रेस जब से चली है इसकी स्थिति कुछ कमजोर हो गई है। इसमें से ए०सी० के डिब्बे निकाल दिये गए हैं। आगरा ऐसा पर्यटक स्थल है जहां पर सैकड़ों नहीं हजारों की तादाद में रोज देशी विदेशी पर्यटक आते-जाते रहते हैं। इस ट्रेन ताज एक्सप्रेस का महत्व भी किसी भी तरह से कम नहीं है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि यात्रियों की दृष्टि से ताज एक्सप्रेस में ए०सी० कोच लगाये जाने चाहिए और अपने क्षेत्र के विकास के लिए मेरा आग्रह है कि एटा, अलीगढ़, मैनपुरी होकर कानपुर के लिए जी०टी० के समानान्तर एक रेलवे लाइन बिछा कर वहां के विकास में योगदान करे। अगर उत्तर रेलवे के नक्शे को मंत्री महोदय देखें स्पष्ट ज्ञान हो जाएगा कि इस क्षेत्र का बहुत बड़ा भाग रेलवे सेवाओं से वंचित रह जाता है। मैं एक छोटी सी बात और कहना चाहूंगी कि प्रथम श्रेणी के साधारण डिब्बों में भी बिस्तर उपलब्ध कराये जाएं और जैसे कि ए०सी० के डिब्बों में कराये जाते हैं। रेलवे यात्रियों की सुरक्षा तो बहुत महत्वपूर्ण

है ही । इसके बारे में हमारे से पूर्व के बहुत से वक्ताओं ने जिक्र किया है ।

मेरे अपने जिले एटा की एक छोटी सी समस्या है उसकी ओर मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहती हूं । वहां पर कहने के लिए रेलवे लाइन हैं लेकिन एक गाड़ी सुबह शाम को सिर्फ 50 किलोमीटर दूरी का आना जाना तय करती है जो एटा, टुंडला तक जाती है । लेकिन उस रेल के चलने से बहुत ज्यादा लाभ नहीं है लेकिन मान्यवर बंद पड़े एक रेल फाटक के के कारण उससे अवरोधक भी होता है । एटा में जो कुछ भाग इंडस्ट्रियल एरिया का है उसके विकास के लिए हमने और लोक सभा के माननीय सदस्य ने आप को पत्र भी लिखा है । उसमें लिखा है कि इस रेल फाटक को खोल दिया जाए ताकि उस क्षेत्र का विकास हो । दूसरी बात मैं आखिर में रेलवे कर्मचारियों के बारे में जरूर कहना चाहूंगी । रेलवे में छोटे स्तर के कर्मचारी हों या बड़े स्तर के कर्मचारी हों, रेलों के संचालन और रेलवे की कार्यकुशलता में उनकी योग्यता और उनकी कार्यकुशलता का बहुत बड़ा योगदान होता है । इसलिए मैं उनकी तरफ रेलवे मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहूंगी । अभी ज्यादा समय की बात नहीं है । तीन-चार दिन पहले कानपुर में पवन एक्सप्रेस को उड़ाने की कोशिश एक बम रखकर की गई थी जिसमें एक रेलवे का कर्मचारी मारा गया । उसने एक बहुत बड़ी दुर्घटना होने से बचाई । इसलिए मैं निवेदन करना चाहूंगी कि ऐसे कर्मचारियों को जो कर्त्तव्य पालन में अपने जीवन की आहुति दे देते हैं उनको पुरस्कृत किया जाना चाहिए ताकि उनकी कार्यकुशलता से दूसरों को प्रेरणा मिल सके । ऐसे लोगों को मरणोपरान्त कोई न कोई राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाना चाहिए । उनके परिवारों को पूरी सुविधा व सुरक्षा दी जानी चाहिए । इसके साथ ही इसी संदर्भ में यह भी याद दिलाना चाहूंगी कि जब भोपाल में गैस त्रासदी हुई थी तो वहां के एक रेलवे स्टेशन इंचार्ज ने बहुत बड़ी दुर्घटना होने से बचाई थी । दूर-दूर के और आस-पास के रेलवे स्टेशनों को उसने टेलीफोन करके रेलों के भोपाल होकर आने जाने को रोकने की कोशिश की जिसमें वह खुद शहीद हो गया । उसके इस कार्य से अन्य लोगों को प्रेरणा मिले, उसकी कार्यकुशलता और शहादत से लोग प्रेरणा लें, दूसरे लोग अपने कर्त्तव्य का पालन करने के लिए प्रेरित हों, इसके लिए उस रेल कर्मचारी की स्मृति में वहां एक शिला लगाई जाय ताकि आने वाले लोग और आने वाली पीढ़ी उसको देख सके . . . (व्यवधान) । शिला स्मारक के रूप में हो, लेकिन शिला जरूर लगाई जाय । यह बात कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करती हूं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYANA REDDY): Now, Mrs. Bijoya Chakravarty. You have got only six minutes.

SHRIMATI BUOYA CHAKARAVARTY (Assam) : Sir, I shall be as fast as the Shatabdi Express !

Sir, I would like to draw the attention of the House, while participating in the discussion on the Railway Appropriation Bill, to certain questions which I whould like to put to the honourable Ministe as if in a quiz programme and i think the House would be interested to know the replies :

Sir, the first question is this : What is the total railway network in the country ? The answer is : 61,976 kms.

The next question : What is the total railway network in Assam ? The answer is : 2,330 kms. !

The third question : What is the total percentage of BG line in this country ? The asnwer is : 54.5 per cent. The next question : what is the percentage in Assam ? The answer is : 2.06 !

[Shrimati Vijaya Chakravarty]

I now come to the next question: What is the name of the region where the train does not go fast ? The answer is : Assam.

The next question : What is the name of the State where the fastest -train takes more than fifty hours to complete 1,800 kms. ? The answer is : Assam.

Another question : What is the name of the State where there is no train for commuters numbering about 25,000 for covering a distance of 35 kms. Again, the answer is : Assam.

I come to the last question: What is the name of the State where the children of the soil are deprived of the railway services by the Department ? Again, the answer is : Assam.

Sir, I do not know why such sort cf questions are to be put to the Minister. But this is the truth, during the period 1987-88, it was decided that BG lines involving a total length of 2,000 kms. or so were to be completed by 1988-89. But for Assam there has been no provision or proposal at all even for i distance of 1 km.! This is very unfortunate and this is known to the whole of the country. One honourable Member pointed out how Assam is being neglected or discriminated against by the Railways. Except Guwahati, no other State capital in the North-Eastern Region has been connected by railway line and this astounding discriminatory process speaks for itself and this shows how the accumulated neglect over the years retards the very growth of the region. Or, is it so certain that symbiotic forces have joined hands together to make matters worse for the State of Assam ? I would urge upon the Railway Minister to extend the BG line up to Tinsukia and Murkok-chalang in the Brahmaputra valley, to Silchar in the Barak valley, thus covering the entire Assam. I think there has been a mounting neglect all these forty years. The Minister should do something about it.

As train service is not up to date movement of all the essential goods is made through trucks. Sir, I cannot say for certain. Probably the truck lobby in U. P. and Haryana is so strong. I do not know whether there is a strong lobby in the Railway Ministry that influences the decisions of the Ministry. That is why the goods are not carried to Assam, to any region, by goods trains but by trucks. So all our pleadings, all our pleadings in the House, all the pleadings by the Minister in Assam, are of no avail, because the truck lobby is so strong I do not know, that the Minister also cannot help.

Moreover, the progress of the railway system is so slow that it cannot be compared to the movement of a snail. Probably the snail also goes a little faster. *(Time Bell Rings)*

It is not four minutes, Sir.

So I request the hon. Minister for development of the railway lines in the entire region. Secondly I request the hon. Minister not to send old and haggard railway bogies to Assam. I also request the hon. Minister not to fill the posts from outside Assam. It is very tragic for Assamese boys. A vacancy is created in Assam but it is filled up by transfer from the other States. They fill up vacancies by persons from other States and give them some appointments on casual basis in the fourth category. In this way also they deprive them.

I urge upon the Minister not to do this trick and treat them properly.

So far as flyovers are concerned there have been so many tragic accidents in Assam and I request the Minister to make provision for

flyovers especially in two places in Nowgong district and one in Baihata in Kamrup district, one in Lakhimpur and one in Kokhrajhar and Bongagaon.

The people of Assam have always urged upon the Minister for a Railway Division in Rangia. I do not know for what reason they are deprived of this. One of the hon. Members, Mr. Pramod Mahajan, says that whatever he requests he gets it within one and half months. Mr. Mahajan gets in within one and a half months. But in Assam the people never get it, even in 40 years. I do not know the reason behind it. Perhaps the Minister may explain it. It is because they are caring more for Hindi heartland and they never care for any other region. But this thing can never go for long.

Sir, so far as the railway accidents are concerned, the less said the better. The recent tragic train accident in the country is very unfortunate. I do hope, Sir, I do not demand the resignation of the Minister, but I do feel that our dynamic Railway Minister who is very fast in introducing fastest trains in certain parts of the country also will be very fast to be vigilant to avert further train disasters. Moreover, I also request you to be mindful about the food and I also request you to cover the entire State with trains like the Shatabdi Express.

Thank you.

श्री शान्ति त्यागी (उत्तर प्रदेश) : माननीय वाइस-चेयरमैन साहब, मैं रेलवे अप्रोप्रियेशन बिल की हिमायत में बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं । मैं शुरू में ही माननीय मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं जो कि माननीय सिंधिया जी और आपकी अध्यक्षता में भारतीय रेलों ने इतनी तरक्की की है । श्रीमन्, हमारी जनता का जब आप जायजा लेंगे तो रेलों का तरक्की के बारे में आम राय बहुत अच्छी है और वे आपकी भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं । यह बात जरूर है कि माननीय सदन में दो-चार हमारे माननीय सदस्य जरूर होंगे जिनको यह तरक्की नहीं दिखाई देती होगी, जो कि दुर्भाग्य की बात है ।

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार) : आपको दिखाई पड़ती है ?

उपसभाध्यक्ष (श्री बी. सत्यनारायण रेड्डी) : राम अवधेश जी, आप कुछ मत कहिये । आपको भी मौका मिलेगा बोलने का ।

श्री शान्ति त्यागी : देश में इतना अनाज पैदा हुआ, रबी की फसल बहुत अच्छी हुई लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि अब भी कई लोग यह कह रहे हैं कि देश में कंगाली है लोग भूखे मर रहे हैं। देश में कपड़े की भरमार है लेकिन यह कह रहे हैं कि लोग नंगे हैं । रिहायशी कोलोनीज बन रही हैं लेकिन यह कह रहे हैं कि लोग बेघर-बार हैं । **(व्यवधान)** मंत्री जी, जन भावना आपके पक्ष में है और आप अपने रेलों के कार्य को आगे बढ़ायें । मैं सिर्फ आपके समक्ष दो तीन बातें कहूंगा मुझे यह ठीक से मालूम नहीं है कि फ्रीडम फाइटर्स को जो आपने पास दे रखा है वह बराबर चालू हैं या नहीं अगर नहीं हैं तो फ्रीडम फाइटर्स के जीवन-पर्यन्त रेलवे का फर्स्ट क्लास का पास आप चालू रखें । उनको पूरे जीवन के लिए यह पास जारी रखा जाए । ट्रेनों में खाने के इन्तजाम का जिक्र किया गया है और यह कहा गया है कि यह बहुत शोचनीय है, बड़ी खराब है । भगवान न करे खाने के इन्तजाम की आलोचना में कभी यह भी कहा जाए कि इसके खाने के कारण कुछ लोग बीमार पड़ गये, शायद कभी यह शिकायत आ जाए इसलिए मेरा कहना यह है कि ट्रेनों में खाने के लिए जो लोग खाद्य सामग्री बेचते हैं उन पर आपको पूरी निगरानी रखनी चाहिये । अगर कोई किचन का इन्तजाम आप कर सकते हैं तो यह काम आप अपने हाथ में लीजिए मैंने फ्रीडम फाइटर्ज की बात की । आप भी फ्रीडम फाइटर हैं और मैं भी हूं । मैं यह कहना चाहता हूं कि उनके पास जो टेम्पोरेरी पास हैं उनको रेगलर किया जाए । परमानेंट किया जाए । पहली मई को मेरठ-दिल्ली शटल चालू की गई है । यह बहुत अच्छी बात है । इसके लिए आपको मुबारकबाद है । वहां के लोग आपसे बहुत खुश हैं । आपको वोट देंगे और आपकी तारीफ भी कर रहे हैं मगर आपने मेरठ में ऐसा कर लिया है कि एक हाथ से देना और दूसरे हाथ से

[श्री शान्ति त्यागी]

लेना । मंत्री जी, आपने मेरठ दिल्ली शटल चालू की है । आपने हिमाचल एक्सप्रेस का रूट बदल दिया है । लोगों की बहुत दिनों के मांग थी कि जब यह शटल छोड़ी जा रही थी तो लोगों ने इसके लिए आपको धन्यवाद दिया और यह भी मांग की कि हिमाचल एक्सप्रेस का रूट न बदला जाये । इसके साथ साथ दिल्ली से मेरठ तत्काल ऐसी शटल सर्विस चालू करनी चाहिये जो सुबह वहां साढ़े आठ बजे पहुचे । मैंने आपसे इसके पेश्तर भी कहा, रेल बजट पर चर्चा के मौके पर भी मांग की और खत भी लिखा कि मुरादनगर और मेरठ के बीच आप डबल ट्रेक बनाने की कोशिश करें । इस साल इस काम को पूरा करें । योजना आयोग को रेलवे को अधिक पैसे का प्रावधान करना चाहिये इसके लिए हम सब मिल कर हिमायत करेंगे । हमारा पश्चिम का जो इलाका है, मेरठ, गाजियाबाद और नोएडा का वह सब राजधानी क्षेत्र में आ गया है और राजधानी के विकास के लिए जरूरी है कि रेल यातायात की सुविधा पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में बढ़िया की जाए । आपके पास पिछले बजट में नयी रेल लाइनें बिछाने के लिए पैसा नहीं था लेकिन कम से कम आप राजधानी क्षेत्र के लिए कुछ पैसे रखिए । नयी रेल लाइनें बिछाने के लिए रेलवे बजट में कुछ पैसा रखिए । नयी रेल लाइन बिछाने के लिए रेलवे बजट में कुछ आधारभूत परिवर्तन किए जायें । अन्त में मैं आपसे कहूंगा कि बहुत सी बातें कही गई हैं । आप भी ए०सी० में पैदा नहीं हुए और मैं भी ए०सी० में पैदा नहीं हुआ । ए०सी० कोच लगाने की बात, राजधानी एक्सप्रेस चलाने की बातें भी होती रहेंगी देश में लेकिन इस देश में जो सेकेंड क्लास पैसेंजर्स हैं उनको जितनी बढ़िया और अच्छी सुविधाएं हम दे सकते हैं वह दें आप गरीबों के रहनुमा हैं, गरीबों के मंत्री हैं, राजीव सरकार गरीबों की है, मेहनतकशों की है जो पिछड़े लोग हैं उनकी हमदर्द है उनकी हिमायत करती है । इन शब्दों के साथ आपका धन्यवाद ।

6. P. M.

श्री सोहन लाल धूसिया (उत्तर प्रदेश) : मैं आपका शुक्रगुजार हूं कि आपने मुझे वक्त दिया ।

उपसभाध्यक्ष (श्री बी. सत्यनारायण रेड्डी) : आपने 5 मिनट के अन्दर समाप्त किया अब उनको भी पांच मिनट के अन्दर करना होगा ।

श्री सोहन लाल धूसिया : रेलवे विनियोग विधेयक को मैं अपना पूर्णतया समर्थन दूंगा इसके लिए जितना भी कहा जाये वह ठीक है । जो बातें कही गयी हैं हम उनकी तरफ नहीं जायेंगे । लेकिन हां, हम इस डिपार्टमेंट से या मंत्री जी से चाहेंगे कि वे कुछ बातों पर जरूर ध्यान दें । स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के लिए सबसे पहले कहूंगा कि जिनकी दौलत देश आजाद हुआ था अब उनकी उम्र कम से कम 65–70 साल की हो गई होगी, उनको जीवन पर्यन्त आप पास दे दें । यह बहुत अच्छा होगा, देश के लिए भी अच्छा होगा और आपके लिए भी अच्छा होगा । रेलवे की जोनल मीटिंग में हमने एक दो बातें कही थीं कि गोरखपुर गोण्डा लूप लाइन जो है उसकी हालत बहुत खराब है । उस समय हमने कहा था कि अगर उसको बड़ी लाइन में कनवर्ट नहीं कर सकें तो छोटी लाइन को इस तरह से कर दें कि वह अप टु डेट हो जाये ताकि उस पर गाड़ियां तेज रफ्तार से चल सकें। हम आज तक देखते हैं कि उस पर ध्यान नहीं दिया गया है । लेकिन अब नेपाल ने जो रुख बदला है तो रेलवे विभाग अपनी गलती को महसूस करेगा । नेपाल के रुख बदलने से अब मैं समझता हूं कि रेलवे विभाग को जल्दी से जल्दी इस लाइन को तैयार कर देना चाहिये, स्ट्रेटेजिक पाइंट आफ व्यू से भी ताकि उस लाइन पर अगर हम कुछ सामान भेजना चाहें तो भेज सकें । हमको दिक्कत न हो । ऐसा न हो कि हम उस लाइन पर तेज रफ्तार से गाड़ियां न चला सकें । एक मरतबा हमें चीन ने झकझोर कर जगाया है या, दूसरी मरतबा अब नेपाल दूसरी लाइन पर जा रहा है इसके बाद भी अगर आप न चेते और देश का नुकसान हो जाये तो सारी जिम्मेदारी रेलवे

विभाग की होगी । ऐसा न हो कि जब आग लग जाये तब कुंआ खोदना शुरू करें। अभी भी समय है । गोण्डा से गोरखपुर की लूप लाइन बिल्कुल नेपाल के बार्डर से जाती है । सब काम छोड़कर पहले आपको उस पर अटेंशन देना चाहिए ।

आप लोग, रेलवे विभाग के लोग और मंत्री जी अपनी बड़ी शाबाशी समझते हैं कि हम तेज रफ्तार की गाड़ियां चला रहे हैं । मंत्री जी हम भी चाहेंगे कि तेज रफ्तार की गाड़ियां चलें लेकिन एट द कास्ट आफ लाइफ नहीं । आप देख लीजिए कि रेल की पटरियां कैसी हैं । किसी भी इंजीनियर से आप पूछ लीजिए तो कहता है कि हमारी रेल की पटरियां ऐसी नहीं हैं कि हम उन पर रफ्तार बढ़ा सकें । अगर आप अपनी रफ्तार बढ़ाइयेगा और रेलवे की हमारी पटरियां वही रहेंगी जो सिवाय एक्सीडेंट्स के क्या होगा । हम लोग सब कुछ मुहैया करते हैं । सब कुछ आराम देने की कोशिश करते हैं लेकिन आदमी की जान के लिए आप सब कुछ दे दें लेकिन जान ही न रहे तो वह चीज लेकर कोई क्या करेगा । आप शताब्दी एक्सप्रेस चला रहे हैं, मैं नहीं जानता कि अपने पटरियों को बदला है या पुरानी पटरियों पर चल रहे हैं । इसको आप देख लीजिए । अगर एक भी एक्सीडेंट हुआ तो पूरी जिम्मेदारी रेलवे डिपार्टमेंट की होगी । एक भी आफिसर बच नहीं सकता है । उसमें न मालूम कितने मुकदमे चल सकते हैं । तो हम यह चाहेंगे कि आप रफ्तार बढ़ाइयें हम कुछ नहीं कहेंगे लेकिन आप अपनी हैसियत से ज्यादा आगे मत जाइये । आप यह मत दिखाइए, दुनियां वालों को धोखा मत दीजिए कि हम तो आसमान पर जा सकते हैं ट्रेन से, ऐसा मत कहिए । देर आयद दुरुस्त आयद । जितना आप चल सकते हैं उतना ही चलिए । कुछ आप लोग अपने में सुधार कीजिए कि जहां से ट्रेन स्टार्ट होती है वहां से देर न हो और अगर देर होती है और 15 मिनट भी देर करके ट्रेन छूटती है तो जो जिम्मेदार हैं उन पर आप एक्शन लीजिए । मैं लखनऊ से जब भी चढ़ता हूं तो देखता हूं कि जो 29 अप वहां से स्टार्ट होती है . . । लेकिन मैं अभी परसों आया हूं, तो वहां यह गाड़ी 20–25 मिनट लेट चली है . . . (व्यवधान)

अब रेलवे में एक दूसरी टेंडेंसी और होने लगी है । अभी तक यह मेरे साथ तो नहीं हुआ है, परन्तु परसों जब मैं वहां से चल हूं तो मेरा दो बर्थ का रेजर्वेशन था ए0सी0 में, पर मालूम नहीं किस अफसर ने काट करके उसको एक कर कर दिया । मैं बहुत थका हुआ आया था बिहार का दौरा करके जब मैं वहां देखा कि एक ही बर्थ है तो मेरे जो साथी थे उन्होंने कहा कि भाई बड़ी मुश्किल होगा । हमने कहा कि नहीं, तुम घबराओ मत, हम तुमको ले चलेंगे, चाहे हमें जमीन में सोकर जाना पड़े लेकिन हम तुमको ले चलेंगे । वह भी बहुत थका हुआ था । जब वहां हम आये तो हमने वहां कंडक्टर को डिब्बे में ढूंढना शुरू किया । हम साढ़े नौ बजे पहुंच गये थे जबकि ट्रेन दस बजे छूटती है । पर कंडक्टर हमको दिखाई नहीं दिया । जब ट्रेन छूट गई, तो दस बजकर बीस मिनट पर हमको उनकी शक्ल नजर आई । तो हम उनके पास गये और उनसे कहा कि भाई जरा हमें बता दो कि हमारी, कितनी बर्थ है ? तो उन्होंने कहा कि एक है . . . (व्यवधान)

हमने कहा कि हम ट्रेन चलने नहीं देंगे, या तो हमें तुम उतार दो और फिर हमने देखा कि उसके पीछे चार-पांच आदमी घूम रहे हैं । तब तक हमने देखा एक बर्थ खाली है । मैंने अपने आदमी से कहा कि चलो इस पर बैठ जाएं । देखेंगे या तो वह हमको उतार दें और नहीं तो हम उसको उतार देंगे ।

तब हमने उससे कह दिया कि हम चल रहे हैं तुम हमें टच मत करना । ऐसा करके हम दिल्ली कल आये हैं । अभी हम नहीं जानते थे, एम० पीज० के साथ भी ऐसी गुस्ताखी होने लगी है

[श्री सोहन लाल धूसिया]

जबकि मैंने स्वयं दो वर्ष रिजर्व किये थे और उन्होंने मुझे वर्ष दिये थे । उन्होंने अगर मुझे पहले से बता दिया होता, तो मैं नहीं जाता । लेकिन इस तरह की ज्यादती आपके अफसर कर रहे हैं। उन पर एक्शन होना चाहिये ।

अब हम बस्ती के बारे में कुछ कहना चाहते हैं कि वहां प्लेटफार्म न0 1 पर ठंडे पानी की व्यवस्था है, पर... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री सत्यनारायण रेड्डी): अब कृपया समाप्त कीजिए ।

श्री सोहन लाल धूसिया: पर वहां पर प्लेटफार्म न0 2 और 3 पर ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं है । कम से कम ठंडे पानी का वहां पर इंतजाम करवा दीजिए । **(व्यवधान)**

इसी तरह वहां पर रेलवे स्कूल भी नहीं है । अब गोविन्द नगर और गौर के बीच में जो कुआनो नदी पर रेल का पुल था, उसको छोड़ दिया गया है । हम चाहेंगे कि रेलवे भी पब्लिक के लिए है, तो उस पर पटड़ा बिछा दें ताकि पब्लिक उससे आ-जा सके ।

मान्यवर, रेलवे बिजनेस कनसर्न है । एक बात हम कहना चाहेंगे---आप लोग भी इसको देख लें और सुन लीजिए--- रेलवे बिजनेस कनसर्न है और बिजनेस करने वाले हमेशा पोलाइट हुआ करते हैं, लेकिन यह तो इतनी बदतमीजी दिखाते हैं कि भला आदमी उनसे बात करना भी मुनासिब नहीं समझता । उनके मुंह कौन भला आदमी लगे, इस तरह से लोग कह कर हट जाते हैं ।

अब मैं यहां पर थोड़ा सा शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के बारे में भी कहना चाहूंगा । **(व्यवधान)** इनकी तादाद पूरी है कि नहीं, मैं नहीं जानता क्योंकि 1986-87 में मैं इलाहाबाद रेलवे सर्विस कमीशन द्वारा लड़कों का सिलेक्शन हो चुका है, लेकिन डिपार्टमेंट वाले आड़े पड़े हुए हैं उन लड़कों का एप्वाइंटमेंट नहीं होने दे रहे हैं । थर्ड क्लास की जगह है, जब हम नहीं कह सकते कि वहां पर उस पोस्ट के लिए जो रेक्रूटमेंट हुआ है, वहां के लोग रिटायर्ड हुए हैं या नहीं हुए हैं। हमको यह सलाह दी गई है कि जो लोग रिटायर हो जाते हैं, उनको एड-हॉक रख कर कंटिन्यू करवाते हैं और फ्रेश एप्वाइंटमेंट होने नहीं दे रहे हैं।

यह सब रेल मंत्री जी आप देख लीजिएगा और इसके साथ-साथ थोड़ी सी बात कुल्लड़ वाली हम कह देंगे । यह गांधी जी के प्रिंसिपल की बात थी कि लाखों आदमियों का रोजगार तो आपने छुड़वा दिया है, इसलिए स्टेशनों पर कुल्लड़ में चाय पिलवायें ।

इस तरह से लाखों मजदूरों को काम मिलेगा । यह जो नेहरू रोजगार योजना चल रही है रोजगार देने के लिए आप इसको उसमें कर लीजिए । प्लास्टिक वाला तो ठीक है, आप फैक्ट्री बंद मत कीजिए फैक्ट्री वालों को फायदा जरूर पहुंचवाइये आप, लेकिन हम चाहेंगे कि कुल्लड़ वाला जो हमारा जो कुम्हार था जो स्टेशनों पर कुल्लड़ बेचता था, जिनमें चाय मिलती थी, वह चाय सौंधी होती थी, उसको तो आपने बंद करवा दिया, लेकिन आपने प्लास्टिक के ग्लास में बेचिये जिससे कि लाखों को रोजगार मिले अगर रेलवे यह नहीं करता है तो हम लोग यह समझेंगे कि गरीब जनता के साथ रेलवे डिपार्टमेंट ज्यादती कर रहा है । इसलिए आप इन सब चीजों को देख लें । धन्यवाद ।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी. सत्यनारायण रेड्डी) : श्री राम अवधेश सिंह, आपके पांच मिनट हैं, पांच मिनट से एक सैकण्ड भी ज्यादा नहीं दिया जाएगा । आपको पांच मिनट के अन्दर समाप्त करना

होगा। . . . (**व्यवधान**) आप आवाज मत कीजिए, आप फिर भी आवाज करेंगे तो दस मिनट दे देंगे । इसलिए आवाज मत कीजिए।

श्री राम अवधेश सिंह : माननीय उप सभाध्यक्ष महोदय, आपकी बड़ी कृपा हुई कि आपने आदेश दिया रेल विभाग के बारे में हम लोग चाहे जितनी बात करें और मंत्री जी नोट करें नोट बुक में या विभाग में, उसका कोई फर्क नहीं पड़ेगा और न उस पर कोई असर होता है । रेल अपनी चाल से चलती है और अपनी चाल से रुकती है । उसमें कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है, क्योंकि इस विभाग का जो रेलवे बोर्ड है अपने ढंग का निराला संगठन है । उस संगठन में आप चाहे जितनी चीज डालिए, सुझाव डालिए, कोई असर नहीं है और ब्यूरोक्रेट्सका जो नंगा रूप हो सकता है वह रेलवे बोर्ड है । वहां हमारी कोई बात पहुंचती नहीं है, मंत्री लोग कुछ चाहते भी होंगे कुछ करना तो वह कर नहीं सकते । मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं कि एक छोटी रेलवे भी किसी प्राइवेट को दे दीजिए जिसमें एक हजार करोड़ रुपया लगा हो तो वह जरूर एक साल में एक सौ करोड़ रुपया मुनाफा दिखा देगा । दस परसेंट से कम मुनाफा नहीं दिखायेगा अपनी पूंजी का, लेकिन हम समझते हैं बीस हजार करोड़ से कम की पूंजी नहीं लगी है बावजूद इसके हर साल घाटा लगता जाता है । थोड़ा सा भी कभी 100 करोड़ मुनाफा, कभी 50 करोड़ मुनाफा और इस साल तो जो घाटा को पूरा करने का कदम उठाया है रेल मंत्रालय ने वह तो अनोखा है, दूर की मार करने वाला है । ऊपर से लगता है कि हमने कुछ मुनाफा दिखा दिया, लेकिन कितनी चाल दूरगामी है? फ्रेट बढ़ा दिया 800 करोड़ रुपये का फ्रेट रेट मालभाड़ा, तो आदमी का भाड़ा बढ़ने पर जो आदमी रेल सेवा का उपयोग करता है उस पर भार पड़ता है, लेकिन फ्रेट बढ़ने से जो बेचारा रेल की पटरी तक आता नहीं है उस पर भी भार पड़ती है, क्योंकि सामान का दाम बढ़ जाएगा । रेल माल भाड़े में बढ़ोत्तरी से सामान का दाम बढ़ जाएगा । जो बेचारा रेल से सैकड़ों मील दूर है उसके ऊपर भी वह रेल माल-भाड़ा की बढ़ोत्तरी का असर होता है । इसको अप्रत्यक्ष दूरमारक कदम कह सकते हैं इसको सीधे कोई काम करना चाहिए, लेकिन यह नहीं किया गया, इसलिए यह बहुत निंदनीय कदम है । मान्यवर, अब मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं, इस आशा और उम्मीद के साथ कि उस पर कोई अमल नहीं होगा, कोई सुनवाई नहीं होगी, क्योंकि यह हम लोग कहते-कहते थक गए हैं और कहेंगे कोई असर भी नहीं होगा, लेकिन फिर भी आदत से लाचार हैं, अब आप बैठे हैं तो कुछ तो करना ही है और ऐसे मंत्री जो खुश-मिजाज हैं, देखने में तो सुन्दर और सलोने लगते हैं, लेकिन इनका मन कैसा है, अच्छा है या बुरा है यह तो इनके काम से नजर आएगा, लेकिन काम क्या करेंगे फिर भी मैं कह देता हूं, मैं सुझाव दे देता है । रेल गाड़ियों की संख्या, खास कर बिहार में बहुत घटा दी गई है । पहले जो मेन-लाइन है पटना से होकर जो गाड़ी गुजरती थी उसमें एक जयन्ती जनता चलती थी और एक विभशिला चलती थी उस पर, फिर उन दोनों को हटा करके एक गाड़ी दे दी उस पर जिसे मगध एक्सप्रेस कहते हैं । नतीजा यह हुआ कि दोनों गाड़ियों के पैसेंजर एक पर आते हैं । और मान्यवर आपको मैं कहना चाहता हूं कि आप कभी पटना और मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर जाये, आजकल भी और खासकर के चैत में या उधर अक्तूबर और नवम्बर के महीने में, वहां आप खड़े हो जाएं तो आप देखेंगे कि नीचे गाड़ी में लोगों को जगह नहीं मिलती । बिहार के जो मजदूर आते हैं हरियाणा और पंजाब में, टिकिट उनके पास होता है, लेकिन उनके लिए दूसरा क्लास नहीं, फर्स्ट क्लास नहीं, एअर-कंडीशंड के लिए तो सपना नहीं, उनके लिए एक चौथा क्लास बना दिया है माधवराव सिंधिया जी ने, छत क्लास, वह लोग छत पर चढ़कर जाते हैं । . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री माधव राव सिंधिया : यह तो वहां की पुरानी परंपरा है ।

श्री राम अवधेश सिंह : पुरानी परंपरा नहीं है । आप देखिए, अगर आप गाड़ियों की संख्या बढ़ा दें ।

श्री माधव राव सिंधिया : विशेषकर बिहार में तो पुरानी परंपरा चली आ रही है ।

कुमारी सईदा खातून (मध्य प्रदेश) : बिहार के लोग रेल में ही नहीं, बस की भी छत पर चढ़कर चलते हैं । छत पर चलने के शौकीन हैं ।

श्री राम अवधेश सिंह : छत पर बैठने के शौकीन नहीं हैं । आप लोग सीरियस बात को हल्का मत बनाइए । यह शर्म आनी चाहिए इस रेल मंत्रालय को, कि जहां से खनिज पदार्थ लाकर सारे देश में बांटते हैं, लोहा, कोयला, तांबा, मैंगनीज, अभ्रक वहां से लाकर देशभर में बांटते हैं, वहां की बुनियादों को छीनकर सारे देश में वितरित करते हैं, वहां के मजदूरों, वहां के नागरिकों को कहीं जाने के लिए छत पर चढ़ना पड़ता है और इसको आप कहते हैं कि आदत है ।

श्री माधव राव सिंधिया : हलकापन कौन ला रहा है, मैं इस पर तो टिप्पणी नहीं करना चाहता । आप ही कह रहे थे कि मैंने इस नये क्लास का निर्माण किया है । अब यह हलकापन है या इसमें बहुत वजन है, आप ही इसका अनुमान करें ।

श्री राम अवधेश सिंह : यह मैंने कहा कि गाड़ियों की संख्या अगर ज्यादा होती तो वह छत पर नहीं चढ़ते । आपके राज में चढ़ रहे हैं, आपके मंत्रालय के अधीन चढ़ रहे हैं । इसलिए मेरा चार्ज सही है और गंभीर है, यह इलाका नहीं है ।

कुमारी सईदा खातून : मैंने एक बार एस०पी० साहब से बात की थी नवादा डिस्ट्रिक्ट में, बस की छतों पर बैठे हुए लोग नजर आए, कई बसें मेरे सामने से निकलीं, मैंने कहा कि मुझको आप बताइए कि क्या यहां बसों की कमी है, जो लोग छत पर चढ़कर चलते हैं ... **(व्यवधान)** ...उन्होंने मुझे जवाब दिया कि मैडम यह शौकीन रहते हैं, इनके लिए तो ऐसी बस बनाई जाये, जो छत की हो । ... **(व्यवधान)**

SHRI ASHIS SEN (West Bengal): Sir, she has been very eloquent about buses. I do not know whether the subject we are discussing now is Bihar buses or the Railways Bill. She must know what she is talking about.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (Punjab): She knows. You have not understood.

श्री राम अवधेश सिंह : वह अपने मंत्री जी को मदद कर रही है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी) : श्रीराम अवधेश जी, आप इन बातों में न जाइए । संक्षेप में अपनी बात कहिए ।

मुहम्मद अमीन अंसारी : (उत्तर प्रदेश) : हम लोगों का हिस्सा कट गया और आपका मिला है ... **(व्यवधान)**

श्री राम अवधेश सिंह : महोदय, मैं संक्षेप में सुझाव देना चाहता हूं एक, दो, तीन करके । एक तो यह जो रेल गाड़ियां घटाई गई हैं, इनको बढ़ाया जाय । इन गाड़ियों में द्वितीय क्लास के डिब्बों की संख्या बढ़ाई जाय क्योंकि इनमें एयर-कंडीशंड और फर्स्ट क्लास जाते हैं, लेकिन आम आदमी के बैठने के डिब्बों की कमी है । तो इसको बढ़ाया जाय ।

दूसरा, महोदय, आरा-सासाराम रेलवे लाइन की पटरियां जो उखाड़ ली गई हैं, जब नेशनलाइज हो गया था तो उखाड़ ली गई, उसके बाद उसको आज तक बनाने की बात नहीं, कई बार मापी हुई,

एस्टीमेट किया गया, लेकिन आज तक यह नहीं बना, इसको बनाया जाय । यह दो छोर को जोड़ता है, सासाराम जो हिस्टोरिकल प्लेस है सिरसा का और वहां के जिले का प्रधान कार्यालय है, यह आरा और भोजपुर का प्रधान कार्यालय है, इन दोनों जिलों को जोड़ती है और यह बीच से रेल जाती है ...(व्यवधान) ...

कुमारी सईदा खातून : बहुत हो गया ... (व्यवधान) ...

उपसभाध्यक्ष (श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी) : आप कृपया खामोश बैठिए । आप एक शब्द निकालेंगी तो यह दस मिनिट ले लेंगे ।

श्री राम अवधेश सिंह : आपने मेरे तीन मिनिट ले लिए । आपको महिला जानकर मैंने छोड़ दिया ।

श्रीमती सत्या बहिन : श्री राम अवधेश जी, आप पूरे हाउस का समय खराब कर रहे हैं ।

श्री राम अवधेश सिंह : और महिला में भी कुमारी महिला हूं, इसलिए मैं ने छोड़ दिया ।

उपसभाध्यक्ष (श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी) : राम अवधेश जी, आप उनकी तरफ मत देखिए । अपनी बात कहिए, जल्दी समाप्त करिए ।

श्री राम अवधेश सिंह : मान्यवर, मेरे दरवाजे पर 5-6 रोज से करीब 27 आदमी आते हैं । वे लुधियाना में रेलवे के कैजुअल एम्पलाइज हैं । उन्हें जबदस्ती हटा दिया गया है । वे चाहते हैं कि मैं उनकी समस्या मंत्री जी के सामने रखूं । इसलिए मैं आज सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि वे गरीब लोग हैं । उनमें से अधिकतर बिहार के लोग हैं । वे खाने बिना मरने वाले लोग हैं । उसमें कुछ अफसरों ने घपला किया था, लेकिन अपने घपले को बचाने के लिए उन पर थोप दिया है । कोई मिस्टर नैयर हैं वहां के कैरेज एंड वैगन सुपरिन्टेंडेंट । उन्होंने कोई सर्टिफिकेट वगैहरा मैनिपुलेट किया हो गया था दिया होगा कि 120 दिन से कम करते हैं । तो जब 120 दिन काम किया है तो उनको कैजुअल से पर्मानेंट किया जाएगा । फिर कहते हैं कि यह जाल है और कोर्ट में केस चल रहा है । कोर्ट में केस चलते हुए भी वह कह रहे हैं कि हम उनको जबरिया नहीं रखेंगे । आप कोर्ट का फैसला होने दीजिए, उनको बीच में नौकरी से नहीं हटाइए । यह मैं आपसे अनुरोध करता हूं । ये लुधियाना के बेचारे कैजुअल काम करने वाले लेबर हैं । मैं उनकी कोई बात नहीं रख रहा हूं, बहुत छोटी बात है । आपके लिए तो इतनी हल्की है कि कोई बात ही नहीं है । आप खाली इशारा कर दें तो बेचारे की असहाय और गरीब जिनके कि चूल्हों की आग बुझ गयी है, उनको सहारा हो जाएगा । यह कुली, खलासी का काम है । उनमें हरिजन और बैकवर्ड क्लास के लोग हैं । कृपा कर के उन पर रहम कीजिए और उन्हें बुलाकर बात-चीत कर लीजिए और फैसला कर दीजिए । धन्यवाद ।

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Sir, I would like to thank the hon. Members for the suggestions made. Principally, this discussion was with the objective to discuss the Bill to amend the Railway Act and consider various suggestions put forward by the Joint Select Committee. I am extremely grateful to Mr. Murlidhar Bhandare who was perhaps the only Member who talked about the Bill to amend the Rilway Act and his contribution, of course, was invaluable in the Joint Select Committee too. I am grateful to him that he comprehensively dealt with the proposed amendments in the House.

Sir, there have been piecemeal amendments in the Railway Act since it was passed in 1890. 44 such amendments have taken place but there has never been an effort to take a comprehensive look

[Shri Madhavrao Scindia]

at the Act and make it more relevant to the needs and requirements of the times. This is what we have tried to achieve in the Act as proposed and I would like to express my appreciation to the Chair man, Mr. Arvind Netam and the members of the Joint Select Committee who have gone into great depth, taken great deal of trouble and have come forward with Bill which I think is extremely suitable and would certainly help us in achieving the objectives of travel for the largest amount of people and for the movement of freight, to provide important infrastructural requirements for the development of the economy of our country.

35 sections are proposed to be deleted which were relevant to the companies, when the companies owned the railways, and 31 new sections are being added. All the 200 clauses have been gone into and many very useful amendments have been proposed. I will not deal at length with them because obviously the Bill is before the House and everyone must have taken a very close look at it and there have been no counter suggestions to the amendments.

As far as the Appropriation Bill is concerned, the total variations are negligible. Against the total voted grant of Rs. 13839 crores the actual expenditure has been Rs. 13846 crores. So, in an expenditure cf almost Rs. 14,000 crores, the net excess is only Rs. 7 *crores,* which is very, very marginal and negligible. That is all I have to say about the Appropriation Bill.

Sir, many honourable Members like Mr. Hari Singh and Mr. Pramod Mahajan made very useful contribution in their interventions during the discussion. I would also like to thank all the other honourable Membiers who made suggestions. Their suggestions have been noted and and we will certainly try to do what best is possible in the circumstances to meet their demands within our limitations.

Sir, again I would like to thank the House and the Joint Select Committee and I would certainly cemmend this Bill to amend the Railway Act to be passed by this House so that it would help us in creating a railway which is more relevant to the times and more relevant to the requirements of the times. Thank you very much.

श्री राम अवधेश सिंह : रेलवे की संख्या बढ़ाने के बारे में मैंने कहा . . . (व्यवधान) . . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी) : राम अवधेश जी, आप बैठ जाइए ।

ठाकुर जगत पाल सिंह : इन्होंने कह तो दिया कि योर सजेशन इज नोटेड ।

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Sir, the honourble Member have also raised certain matters like freight increse. I have dealt with them at very great length in my budget reply. I spoke for over an hour in both the Houses and so I don't think I have to repeat all those points.

THE VICE-GHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): I shall first put the motion regarding the Railways Bill, 1989 to vote. The question is:

"That the Bill to consolidate and amend the law relating to Railways, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 200 *were added to the Bill.*

Clause 1, *the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): I shall now put the motion regarding the Appropriation (Railways) No. 3 Bill, 1989 to vote. The question is:

"That the Bill to provide for the authorisation of approrprition of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services .for the purposes of Railways during the financial year ended on the 31st day of March 1987 in excess of the amounts granted for those services and for that year, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clause 2 and 3 and the Schedule were added to the Bill.

Clause 1, *the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Sir, I beg to move:

"That the Bill be returned."

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): The House stands adjourned till 11 a.m. tomorrow.

The House then adjourned at thirty-one minutes past six of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 11th May 1989.